# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 28/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** 5 वर्षों के लिए 7% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1225 B). 1165 C). 1185 D). 1265

**Correct Answer: A**

**Q.2** सुनीता 3 वर्षों के लिए 6.5% वार्षिक साधारण ब्याज पर ₹5,500 उधार लेती है। वह तुरंत इसे वेदांशी को 3 वर्षों के लिए 9.3% वार्षिक साधारण ब्याज पर उधार दे देती है। प्रति वर्ष लेन-देन में उसका लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 149 B). 157 C). 154 D). 161

**Correct Answer: C**

**Q.3** ₹19.5 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 30% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 35% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 0.75 B). 2.75 C). 1.75 D). 3.75

**Correct Answer: A**

**Q.4** यदि एक अर्धगोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 192π $cm^2$ है, तो अर्धगोले के आधार की त्रिज्या कितनी है?

**Ans** A). 64 cm B). 16 cm C). 8 cm D). 4 cm

**Correct Answer: C**

**Q.5** एक प्रसिद्ध बास्केटबॉल लीग टीम पूरे बास्केटबॉल के आकार वाली ऐसी डमी को पेंट करने की योजना बना रही है, जिसकी त्रिज्या 7 m है। एक पेंटर को काम पर रखा गया है, जो बताता है कि 36 $m^2$ क्षेत्रफल को पेंट करने के लिए 5.4 लीटर पेंट का उपयोग किया जाएगा। कितने पेंट (लीटर में) की आवश्यकता होगी? (दशमलव के एक स्थान तक सन्निकटित) $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए

**Ans** A). 95.2 B). 92.4 C). 4106.6 D). 616


**Correct Answer: B**

**Q.6** 3 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 380 B). 460 C). 360 D). 420

**Correct Answer: D**

**Q.7** दंड आलेख विभिन्न वर्षों में एक कंपनी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की संख्या को दर्शाता है। किस वर्ष/वर्षों में प्रकाशित पुस्तकों की संख्या, उल्लिखित वर्षों में प्रकाशित पुस्तकों की औसत संख्या से अधिक है?




**Ans** A). केवल 2020 B). 2018 और 2020 C). 2014, 2016, 2018 और 2020 D). 2016, 2018 और 2020 **Correct Answer: B**

**Q.8** 20 cm व्यास वाले एक बेलनाकार गिलास में 9 cm की ऊंचाई तक जूस भरा है। 8 cm साइज़ का एक बर्फ का घन (ice cube) इसमें पूरी तरह से डुबोया जाता है। गिलास में जूस का स्तर कितना बढ़ जाएगा? (π = 3.142 का प्रयोग करें और निकटतम mm तक सही उत्तर दें)

**Ans** A). 163 mm B). 63 mm C). 16 mm D). 17 mm **Correct Answer: C**

**Q.9** एक राशन की दुकान में 42 परिवारों को 15 दिनों के लिए वितरित करने के लिए निश्चित मात्रा में अनाज है। यदि 30 परिवारों को 7 दिनों के लिए 48 kg अनाज वितरित किया जा सकता है, तो दुकान में पहले से ही अनाज की मात्रा ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 84 kg B). 144 kg C). 112 kg D). 96 kg **Correct Answer: B**

**Q.10** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 68 kg और 39 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 52.4 B). 49.4 C). 50.4 D). 51.4 **Correct Answer: C**

**Q.11** 1100 m की एक वृत्ताकार दौड़ में, P और Q एक ही बिंदु से, एक ही समय पर और क्रमशः 36 km/h और 63 km/h की चाल से दौड़ना शुरू करते हैं। यदि वे विपरीत दिशा में दौड़ रहे हैं तो वे ट्रैक पर पहली बार कितने समय बाद मिलेंगे?

**Ans** A). 27 s B). 20 s C). 10 s D). 40 s **Correct Answer: D**

**Q.12** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 72 kg और 35 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 49.4 B). 50.4 C). 51.4 D). 52.4 **Correct Answer: B**

**Q.13** 3, 4 और 5 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात करें।

**Ans** A). 20 B). 60 C). 48 D). 30 **Correct Answer: B**

**Q.14** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, एक व्यक्ति को 35% मत मिले और वह 6 मतों से हार गया। यह मानते हुए कि कोई अवैध मत नहीं था, मतों की कुल संख्या कितनी थी?

**Ans** A). 20 B). 50 C). 18 D). 30 **Correct Answer: A**

**Q.15** दी गई तालिका छह कॉलेजों से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और डेटा स्ट्रक्चर्स का अध्ययन कर रहे छात्रों की संख्या दर्शाती है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए तालिका का अध्ययन करें।

| कॉलेज | CSE | DS |
|---|---|---|
| A1 | 245 | 320 |
| A2 | 325 | 435 |
| A3 | 235 | 410 |
| A4 | 251 | 290 |
| A5 | 243 | 207 |
| A6 | 280 | 315 |

कॉलेज A5 में CSE और DS का अध्ययन कर रहे छात्रों में से कितने प्रतिशत छात्र डेटा स्ट्रक्चर का अध्ययन कर रहे हैं?

**Ans** A). 42% B). 46% C). 52% D). 54%

**Correct Answer: B**

**Q.16** दूध और पानी के 30 लीटर मिश्रण, जिसमें वर्तमान में दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 है, में कितना पानी मिलाया जाए, ताकि परिणामी मिश्रण में 40% पानी हो?

**Ans** A). 3 लीटर B). 6 लीटर C). 5 लीटर D). 4.25 लीटर

**Correct Answer: C**

**Q.17** 8.5% और 6% की दो क्रमिक छूटें देने के बाद एक कुर्सी ₹8,601 में बेची गई। अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹10,000 B). ₹9,612 C). ₹9,848 D). ₹9,000

**Correct Answer: A**

**Q.18** पाँच संख्याओं का माध्य 55 है। यदि इनमें से एक संख्या को हटा दिया जाए, तो माध्य 5 कम हो जाता है। कौन-सी संख्या हटाई गई है?

**Ans** A). 50 B). 75 C). 55 D). 65

**Correct Answer: B**

**Q.19** एक मोटर कार 60 km/h की चाल से चलना शुरू करती है और प्रत्येक दो घंटे के बाद इसकी चाल 15 km/h बढ़ जाती है। 450 km की दूरी को तय करने में इसे कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 9 घंटे B). 2 घंटे C). 6 घंटे D). 5 घंटे

**Correct Answer: C**

**Q.20** रीता 90 kg आलू खरीदती है और उसे 40 kg आलू के क्रय मूल्य के बराबर लाभ पर बेच देती है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिये।

**Ans** A). $34\frac{5}{9}\%$ B). $44\frac{5}{9}\%$ C). $44\frac{4}{9}\%$ D). $34\frac{4}{9}\%$

**Correct Answer: C**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** एक निश्चित कूट भाषा में, 'mahima scored high' को 'su hu gu' लिखा जाता है और 'adi swings high' को 'lu gu nu' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'high' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). su B). gu C). lu D). nu

**Correct Answer: B**

**Q.2** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी एक्सेल्स, वर्ड्स हैं।
सभी वर्ड्स, पावरपॉइंट्स हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी पॉवरपॉइंट्स, एक्सेल्स हैं।
(II) कम से कम कुछ वर्ड्स, एक्सेल्स हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**


**Q.3** दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

9, 45 ,225, 1125, 5625 ,?


**Ans** A). 28125 B). 7689 C). 4679 D). 2799


**Correct Answer: A**


Q.4 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई आकृति में पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: A

---

Q.5 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी चमगादड़, स्तनधारी हैं।
कोई भी स्तनधारी, मछली नहीं है।
निष्कर्ष:
(I) कोई भी चमगादड़, मछली नहीं है।
(II) कुछ मछलियाँ, स्तनधारी हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Correct Answer: D

---

Q.6 सात सहेलियां - आशा, श्रीजा, ममता, राम्या, हेमा, जया और मोहिनी, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठी हों)। राम्या, आशा के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठी है। ममता, राम्या के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठी है। श्रीजा और ममता दोनों जया की निकटतम पड़ोसी हैं। हेमा, राम्या के ठीक दाएँ बैठी है।
मोहिनी के बाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठी है?

Ans A). श्रीजा B). आशा C). राम्या D). हेमा

Correct Answer: C

---

Q.7 एक कूट भाषा में, 'PRETTY' को 'BIVGGK' के रूप में लिखा जाता है और 'JOYFUL' को 'OLBUFQ' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'EXOTIC' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans A). XBLGRV B). SCLGRV C). XCLGRV D). SBLGRV

Correct Answer: C

---

Q.8 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को भी आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
62 − 36 + 18 ÷ 6 × 3 = ?

Ans A). 62 B). 107 C). 27 D). 17

Correct Answer: A

---

Q.9 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LINK' को '4175' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NICK' को '7419' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 7 B). 4 C). 9 D). 1

Correct Answer: C

---

Q.10 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 35, 105 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 51, 153 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 72, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 216 B). 214 C). 212 D). 210

Correct Answer: A

---

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर EJIA एक निश्चित प्रकार से FKJB से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार ZDCU, AEDV से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OTSK निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). PTLU B). LTPU C). PUTL D). PULT

Correct Answer: C

---

Q.12 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
110 + 54 × 9 − 13 ÷ 2 = ?

Ans A). 144 B). 130 C). 136 D). 114

Correct Answer: B

**Q.13** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, प्रथम संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

25, 77
28, 86

**Ans** A). 34, 103 B). 34, 104 C). 35, 103 D). 35, 104


**Correct Answer: B**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'VOLT' को '5731' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LEAD' को '4186' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?


**Ans** A). 1 B). 8 C). 4 D). 3


**Correct Answer: A**


**Q.15** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।




**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: D**


**Q.16** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 


B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.17** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।



**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.18** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, MIPL एक निश्चित प्रकार से OKRN से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार PLSO, RNUQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HDKG निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). FJIM B). JFIM C). JFMI D). FJMI

**Correct Answer: C**

**Q.19** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RJX, PNV, NRT, LVR, ?

Ans A). KAP B). JZQ C). JZP D). KZP

Correct Answer: C

**Q.20** D, E, F, L, R, S और T एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। R, D के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। L, D के ठीक बाएँ बैठा है। T, L के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, S के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। न तो E और न ही S, R का निकटतम पड़ोसी है। R के सापेक्ष में S का स्थान क्या है?

Ans A). दाएँ से तीसरा B). दाएँ से दूसरा C). बाएँ से चौथा D). दाएँ से पाँचवां

Correct Answer: B

## Section : General Awareness

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की आकस्मिकता निधि (contingency fund) की विशेषता नहीं है?

Ans A). इसके तहत राष्ट्रपति के भत्ते और परिलब्धियां प्रभारित की जाती हैं। B). यह आपात स्थिति के लिए होती है। C). इसे भारत के राष्ट्रपति की ओर से जारी किया जाता है। D). यह अनुच्छेद 267 के तहत स्थापित की गई है।

Correct Answer: A

**Q.2** ईस्ट इंडिया कंपनी ने _______ के प्रवर्तन (enforcement) के साथ अपनी सभी प्रशासनिक शक्तियों को खो दिया था।

Ans A). 1853 का चार्टर अधिनियम B). भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 C). भारत सरकार अधिनियम, 1858 D). विनियमन अधिनियम, 1773

Correct Answer: C

**Q.3** जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को उनके जनसंख्या घनत्व के आधार पर आरोही क्रम (ascending order) में व्यवस्थित कीजिए।

त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड

Ans A). नागालैंड-त्रिपुरा-मणिपुर-मेघालय B). मेघालय-त्रिपुरा-नागालैंड-मणिपुर C). नागालैंड-मणिपुर-मेघालय-त्रिपुरा D). मेघालय-त्रिपुरा-मणिपुर-नागालैंड

Correct Answer: C

**Q.4** दिल्ली में कुतुब मीनार के पश्चिम में स्थित सुल्तान गढ़ी का मकबरा एक दीवार वाले घेरे के भीतर किले की तरह है, जिसके कोनों पर गढ़ (bastions) हैं, और इसका ________ कब्र कक्ष भूमिगत है।

Ans A). चौकोर B). पंचभुजीय C). आयताकार D). अष्टभुजाकार

Correct Answer: D

**Q.5** मोसले (Moseley) के अनुसार, $\sqrt{v}$ और परमाणु क्रमांक (Z) के मध्य वक्र आलेखित करने पर एक सरल रेखा प्राप्त होती है। यहाँ '$v$' क्या दर्शाता है?

Ans A). उत्सर्जित α-किरणों की आवृत्ति B). उत्सर्जित X-किरणों की आवृत्ति C). उत्सर्जित γ-किरणों की आवृत्ति D). उत्सर्जित β-किरणों की आवृत्ति

Correct Answer: B

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कॉलम-A के साथ कॉलम-B का सही मिलान कराता है?

कॉलम-A (सामान्य नाम) कॉलम-B (वैज्ञानिक नाम)
i. कटल फिश (Cuttle Fish) a. सिलुरिफॉर्मेस (Siluriformes)
ii. सिल्वर फिश (Silver fish) b. मोबुला (Mobula)
iii. डेविल फिश (Devil fish) c. सेपिया (Sepia)
iv. कैट फिश (Cat fish) d. लेपिस्मा (Lepisma)

Ans A). i-d, ii-c, iii-b, iv-a B). i-c, ii-d, iii-a, iv-b C). i-c, ii-a, iii-b, iv-d D). i-c, ii-d, iii-b, iv-a

Correct Answer: D

**Q.7** भारत को शूटिंग स्पर्धा (shooting event) में अपना पहला ओलंपिक पदक किस ओलंपिक खेल में प्राप्त हुआ था?

Ans A). टोक्यो 2022 B). लंदन 2012 C). एथेंस 2004 D). बीजिंग 2008

Correct Answer: C

**Q.8** तिलैया बांध (Telaiya dam) भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans A). झारखंड B). बिहार C). कर्नाटक D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: A

**Q.9** तीन बार ओलंपियन रह चुकी, पीटी उषा ने ___________ में चार स्पर्धाओं (200 m, 400 m, 400 m बाधा दौड़ और 4 × 400 m रिले) में एशियाई गेम्स (Asian Games) का रिकॉर्ड तोड़ा।

Ans A). नई दिल्ली, 1982 B). बीजिंग, 1990 C). हिरोशिमा, 1994 D). सियोल, 1986

Correct Answer: D

**Q.10** 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटीज असेसमेंट फ्रेमवर्क 2.0' (Climate Smart Cities Assessment Framework 2.0) भारत के कितने शहरों का मूल्यांकन करने के लिए है?

Ans A). 120 B). 32 C). 100 D). 70 Correct Answer: C

**Q.11** निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान की एकात्मक विशेषता (unitary feature) है?

Ans A). एकल नागरिकता B). लिखित संविधान C). शक्तियों का विभाजन D). द्विसदन पद्धति Correct Answer: A

**Q.12** गणेश चतुर्थी त्योहार के दौरान गोवा में निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य किया जाता है?

Ans A). धनगर (Dhangar) B). ढालो (Dhalo) C). फुगड़ी (Fugdi) D). तरंगमेल (Tarangmel) Correct Answer: C

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार और मान्यता वेम्पति चिन्ना सत्यम को नहीं मिली थी?

Ans A). पद्म श्री B). संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार C). कालिदास सम्मान D). मानद डॉक्टरेट Correct Answer: A

**Q.14** फरवरी 2023 तक की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री कौन हैं?

Ans A). मनसुख मंडाविया B). अश्विनी वैष्णव C). नितिन गड़करी D). धर्मेन्द्र प्रधान Correct Answer: C

**Q.15** भारत की जनगणना के अनुसार, किसे साक्षर माना जाता है?

Ans A). 14 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा को समझकर पढ़ और लिख सकता है।

B). 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा को समझकर पढ़ और लिख सकता है।

C). 5 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा को समझकर पढ़ और लिख सकता है।

D). 7 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति, जो किसी भी भाषा को समझकर पढ़ और लिख सकता है।

Correct Answer: D

**Q.16** चीनी बौद्ध तीर्थयात्री फा-ह्यान (Fa-Hsien) अपने घर (चीन) की वापस यात्रा ________ से शुरू की।

Ans A). अरिकामेडु B). प्रयाग C). तक्षशिला D). बंगाल Correct Answer: D

**Q.17** निम्नलिखित में से किस राज्य में 'लू' की परिघटना देखी जा सकती है?

Ans A). मणिपुर B). राजस्थान C). तमिलनाडु D). गोवा Correct Answer: B

**Q.18** आहार में फाइबर की भूमिका निम्न में से कौन सी है?

Ans A). शरीर के तापमान को विनियमित करना B). पाचन और मलत्याग नियमितता को बढ़ावा देना C). त्वरित ऊर्जा प्रदान करना D). भोजन का स्वाद बढ़ाना

Correct Answer: B

**Q.19** ब्रिटिश सरकार द्वारा लंदन में प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब शुरू किया गया था?

Ans A). दिसंबर 1931 B). नवंबर 1930 C). दिसंबर 1929 D). नवंबर 1932 Correct Answer: B

**Q.20** 'आजादी का अमृत महोत्सव' की आधिकारिक यात्रा कब शुरू हुई?

Ans A). 14 अगस्त 2022 B). 12 मार्च 2021 C). 14 अप्रैल 2021 D). 15 अगस्त 2022 Correct Answer: B

**Q.21** निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार की आत्मकथा का शीर्षक 'माई लाइफ, माई म्यूजिक (My Life, My Music)' है?

Ans A). रविशंकर B). जाकिर हुसैन C). शिवकुमार शर्मा D). बिस्मिल्लाह खाँ Correct Answer: A

**Q.22** भारतीय संघ की कार्यपालिका के अंतर्गत कौन नहीं आता है?

Ans A). मंत्री परिषद् B). भारत के मुख्य न्यायाधीश C). प्रधानमंत्री D). राष्ट्रपति Correct Answer: B

**Q.23** कश्मीर के राजाओं का एक जीवंत विवरण, राजतरंगिणी, कल्हण (Kalhana) द्वारा ______ भाषा में रचा गया था।

Ans A). संस्कृत B). उर्दू C). फ़ारसी D). अरबी Correct Answer: A

**Q.24** जब कोई नदी निचले मैदान में पहुँचती है, तो यह मिट्टी का कटाव और जमाव जारी रखती है और इन दोनों कारकों के परिणामस्वरूप एक और नदी-मार्ग विकसित हो जाता है और बाद में यह U-आकार की झील बनाते हुए मुख्य नदी से अलग हो जाता है; इसे एक ________________ कहा जाता है।

Ans A). खाड़ी (gulf) B). गोखुर झील (oxbow lake) C). मुहाना (estuary) D). नहर (canal) Correct Answer: B

**Q.25** **ललिता जे. राव निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित हैं?**

**Ans** A). आगरा घराना B). बनारस घराना C). जयपुर घराना D). किराना घराना **Correct Answer: A**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**

**The team's hard work and dedication garnered them the championship trophy.**

**Ans** A). Implemented B). Liberated C). Criticised D). Dispersed **Correct Answer: D**

**Q.2** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**A raven, which you know is black as coal, was envious of the swan, because her feathers are as white as the purest snow.**

**Ans** A). feathers is as white as B). feathers was a white as C). feathers were as white as D). feathers is a white as **Correct Answer: C**

**Q.3** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). Suhas has a younger brother and an elder sister.
B). It was a huge zoo with an elephant enclosure.
C). Alka bought new pair of shoes for the party.
D). He was an honest engineer by profession.
**Correct Answer: C**

**Q.4** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**He is / an expert / in / an English literature.**

**Ans** A). an expert B). an English literature C). in D). He is **Correct Answer: B**

**Q.5** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The athletes / trained tirelessness / to prepare for / the upcoming competition.**

**Ans** A). The athletes B). the upcoming competition C). trained tirelessness D). to prepare for **Correct Answer: C**

**Q.6** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**She is learning / to play the guitar / to pursue her passion / for the music.**

**Ans** A). for the music. B). to play the guitar C). to pursue her passion D). She is learning **Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Hermetic**

**Ans** A). Esoteric B). Intelligible C). Lucid D). Obnoxious **Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**The elusive moon peeked from behind the clouds, illuminating the earth with its gentle glow.**

**Ans** A). glowing up the earth for B). empowering the earth via C). lighting up the earth with D). encouraging the earth with **Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Vivid**

**Ans** A). Varied B). Soothing C). Bright D). Dull **Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**Do you know the purpose of a fire extinguisher? It helps to put up with an engulfing fire, in case of an emergency.**

**Ans** A). turn over B). put out C). stand out D). run away with **Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the most appropriate meaning of the underlined phrase.**

**Those who have died cannot be brought back to life.**

**Ans** A). Abstract B). Retract C). Extract D). Resurrect **Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Frugal**

**Ans** A). Cheap B). Profligate C). Thrifty D). Happy **Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Ambrosian**

**Ans** A). Malodorous B). Pleasing C). Faithful D). Vengeful **Correct Answer: A**

**Q.14** **Select the option that rectifies the INCORRECT spelling in the given sentence.**
**Pleasee allow me to start.**

**Ans** A). Pleasse B). Pleesse C). Pleeasse D). Please **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the correct spelling of the incorrectly spelt word in the given sentence.**

**He was suspended from the party due to his suspiscious activities.**

**Ans** A). Suspeceous B). Suspicius C). Suspicious D). Suspitious **Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Grease someone's palm**

**Ans** A). To abuse someone B). To flatter someone C). To beat someone D). To bribe someone **Correct Answer: D**

**Q.17** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Admittance B). Admissible C). Admission D). Admited **Correct Answer: D**

**Q.18** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical/spelling error.**

**He was lying at / his bed when he / saw the snake entering / through the window.**

**Ans** A). saw the snake entering B). through the window C). his bed when he D). He way lying at **Correct Answer: D**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The storm caused extensive damage to homes, ___________ many families homeless.**

**Ans** A). is left B). leaving C). leave D). to leave **Correct Answer: B**

**Q.20** **Select the correct idiom to substitute the underlined segment in the following sentence.**
**His remarks <u>made the matter worse.</u>**

**Ans** A). Added fuel to the fire B). Made a splash C). Spilled the beans D). Killed two birds with one stone **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Khashaba Jadhav was the independent India's first individual olympic medallist. There (1) __________ some firsts that stay in history forever. The one held by Khashaba Jadhav is one such first. He might have been referred to as the Pocket Dynamo, but his deeds dwarfed those of far (2) __________ athletes in his sport. Just a couple of years after India had become a Republic, Jadhav took part in the 1952 Olympics at Helsinki, Finland. As funding sportspersons weren't really a (3) __________ for a country just finding its feet, Jadhav’s trip to Helsinki was actually funded by the public. Jadhav however, (4) __________ his way to fame, becoming independent India's first individual Olympic medal winner. He (5) __________ bronze in the bantamweight category.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank 1.]**

**Ans** A). was B). are C). is D). were **Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Khashaba Jadhav was the independent India's first individual olympic medallist. There (1) __________ some firsts that stay in history forever. The one held by Khashaba Jadhav is one such first. He might have been referred to as the Pocket Dynamo, but his deeds dwarfed those of far (2) __________ athletes in his sport. Just a couple of years after India had become a Republic, Jadhav took part in the 1952 Olympics at Helsinki, Finland. As funding sportspersons weren't really a (3) __________ for a country just finding its feet, Jadhav's trip to Helsinki was actually funded by the public. Jadhav however, (4) __________ his way to fame, becoming independent India's first individual Olympic medal winner. He (5) __________ bronze in the bantamweight category.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank 2.]**

**Ans** A). small B). bigger C). big D). smaller

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Khashaba Jadhav was the independent India's first individual olympic medallist. There (1) __________ some firsts that stay in history forever. The one held by Khashaba Jadhav is one such first. He might have been referred to as the Pocket Dynamo, but his deeds dwarfed those of far (2) __________ athletes in his sport. Just a couple of years after India had become a Republic, Jadhav took part in the 1952 Olympics at Helsinki, Finland. As funding sportspersons weren't really a (3) __________ for a country just finding its feet, Jadhav's trip to Helsinki was actually funded by the public. Jadhav however, (4) __________ his way to fame, becoming independent India's first individual Olympic medal winner. He (5) __________ bronze in the bantamweight category.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank 3.]**

**Ans** A). subsequence B). supremacy C). priority D). posteriority

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Khashaba Jadhav was the independent India's first individual olympic medallist. There (1) __________ some firsts that stay in history forever. The one held by Khashaba Jadhav is one such first. He might have been referred to as the Pocket Dynamo, but his deeds dwarfed those of far (2) __________ athletes in his sport. Just a couple of years after India had become a Republic, Jadhav took part in the 1952 Olympics at Helsinki, Finland. As funding sportspersons weren't really a (3) __________ for a country just finding its feet, Jadhav's trip to Helsinki was actually funded by the public. Jadhav however, (4) __________ his way to fame, becoming independent India's first individual Olympic medal winner. He (5) __________ bronze in the bantamweight category.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank 4.]**

**Ans** A). Surrendered B). buckled-under C). wrestled D). Lazed

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Khashaba Jadhav was the independent India's first individual olympic medallist. There (1) __________ some firsts that stay in history forever. The one held by Khashaba Jadhav is one such first. He might have been referred to as the Pocket Dynamo, but his deeds dwarfed those of far (2) __________ athletes in his sport. Just a couple of years after India had become a Republic, Jadhav took part in the 1952 Olympics at Helsinki, Finland. As funding sportspersons weren't really a (3) __________ for a country just finding its feet, Jadhav's trip to Helsinki was actually funded by the public. Jadhav however, (4) __________ his way to fame, becoming independent India's first individual Olympic medal winner. He (5) __________ bronze in the bantamweight category.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank 5.]**

**Ans** A). forgave B). claimed C). lulled D). constructed

**Correct Answer: B**